राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 04 जुलाई । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना से लाभान्वित होने वाले 13 जिलों के प्रमुख कांग्रेसजनों का एक सम्मेलन बुधवार, 06 जुलाई, 2022 को प्रातः 11 बजे जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।

सम्मेलन में राज्य के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन सहित भरतपुर, अलवर, कोटा, बारां, झालावाड़, सवाईमाधोपुर, टोंक, अजमेर, जयपुर, दौसा, करौली, बूंदी एवं धौलपुर जिलों के कांग्रेस विधायक/विधायक प्रत्याशी, सांसद/सांसद प्रत्याशी, जिला प्रमुख, जिला परिषद् सदस्य, प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, नगर निकायों के मेयर, सभापति, चेयरमेन, नगर निकाय के पार्षद, उप जिला प्रमुख, उप प्रधान, उप सभापति, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक प्रत्याशी, इन जिलों से नियुक्त बोर्ड/निगमों के चेयरमेन/वाईस चेयरमेन, सभी अग्रिम संगठन युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष, नगर निकाय के पूर्व अध्यक्ष, पीसीसी सदस्य, एआईसीसी सदस्य, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्भाग प्रभारी तथा जिला प्रभारी भाग लेंगे।

सम्मेलन में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान कर राजस्थान सरकार द्वारा इस परियोजना के लिये किये जा रहे कार्यों से अवगत करवाया जाकर खुली चर्चा की जायेगी। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्रसिंह शेखावत जो राजस्थान का ही प्रतिनिधित्व करते हैं ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान की जनता से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिये जाने के वादे को नकार दिया है। सम्मेलन में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गये वादे के अनुसरण में राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा केन्द्र सरकार से दिलवाने हेतु जन आन्दोलन की रणनीति बनाई जायेगी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter